जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा–2/गोपनीय/2020/1239 **दिनांक : 28/11/2020**

/ / अधिसूचना / /

बी.एस–सी. नर्सिंग चतुर्थ वर्ष पूरक (Supplementary) परीक्षा जून 2019 की जारी की गयी त्रुटिपूर्ण अंकसूचियां तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाती हैं। परीक्षार्थी अपनी त्रुटिपूर्ण अंकसूचियां अपने–अपने महाविद्यालयों में तत्काल जमा कर वास्तविक अंकसूचियां प्राप्त करें। विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी रिजल्ट के अनुरूप अंकसूचियां पूर्व से ही विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है। इनकी हार्ड कॉपी संबंधित महाविद्यालयों को भेजी जा रहीं हैं।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1- समस्त संबंधित परीक्षार्थी।

2- प्राचार्य/संचालक, समस्त सम्बद्ध नर्सिंग महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर परिक्षेत्र की ओर इस निर्देश के साथ कि वे निरस्त त्रुटिपूर्ण अंकसूचियां विश्वविद्यालय में जमा करें एवं इस संबंध में की गयी कार्यवाही से विश्वविद्यालय को अवगत करावें।

3- मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, मध्यप्रदेश भोपाल की ओर इस आशय के साथ कि उपरोक्त परीक्षा परिणाम की त्रुटिपूर्ण अंकसूचियों को मान्य न करें और न ही इनका काउंसिल में रजिस्ट्रेशन किया जावे।

4- इंडियन नर्सिंग काउंसिल, नई दिल्ली की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)